
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
GOBRA NAWAPARA, DIST. RAIPUR
12TH AUGUST, 2025
ANTI RAGGING DAY
SAY NO TO RAGGING
शासकीय नवीन कन्या
GPS Map Camera
Navapara, Chhattisgarh, India
Xrfv+h27, Navapara, Chhattisgarh 493881, India
Lat 20.974° Long 81.842826°
12/08/2025 10:49 AM GMT +05:30
Google


GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
GOBRA NAWAPARA, DIST. RAIPUR
12TH AUGUST, 2025
ANTI RAGGING DAY
SAY No To RAGGING
SAY NO TO RAGGING
GPS Map Camera
Navapara, Chhattisgarh, India
Xrfv+h27, Navapara, Chhattisgarh 493881, India
Lat 20.974007° Long 81.842816°
12/08/2025 10:50 AM GMT +05:30
Google


एंटी-रैगिंग का मतलब है रैगिंग (ragging) को रोकना या उसका विरोध करना। रैगिंग का अर्थ है, कॉलेज या विश्वविद्यालय में वरिष्ठ छात्रों द्वारा कनिष्ठ छात्रों के साथ किया जाने वाला दुर्व्यवहार, जिसमें मानसिक या शारीरिक उत्पीड़न शामिल हो सकता है। एंटी-रैगिंग का उद्देश्य छात्रों के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाना है, जहां किसी भी प्रकार की रैगिंग न हो।
एंटी-रैगिंग का उद्देश्य:
एंटी-रैगिंग का मुख्य उद्देश्य छात्रों के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाना है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी छात्रों को बिना किसी डर या उत्पीड़न के अपनी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले।
एंटी-रैगिंग क्यों महत्वपूर्ण है?
रैगिंग छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। यह छात्रों को तनाव, चिंता और अवसाद का कारण बन सकता है। कुछ मामलों में, रैगिंग आत्महत्या का कारण भी बन सकती है।
शासकीय नवीन
गोबरा
जिला-
GPS Map Camera
Navapara, Chhattisgarh, India
Xrfv+h27, Navapara, Chhattisgarh 493881, India
Lat 20.974043° Long 81.842808°
12/08/2025 10:52 AM GMT +05:30
Google

नवभारत
छतीसगढ़ • ओडिशा
Baloda Bazar - 19 Aug 2025 - 19balb4
epaper.navabharat.news

# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) व एंटी रैगिंग दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

**नवापारा राजिम ।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में छात्राओं को ग्राम स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए व एंटी रैगिंग डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2025 का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है । स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-2 के अंतर्गत निर्धारित मात्रात्मक एवं गुणात्मक मापदण्डों के आधार पर जिला एवं राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर रैकिंग प्रदान करना है । इस अभियान में अधिक से अधिक छात्राओं व लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय में स्वच्छता पर व्याख्यान का आयोजन हुआ । छात्राओं ने नगर भ्रमण कर स्वच्छता संबंधी नारा लगाते हुए गोबरा नवापारा में जागरूकता




रैली निकाली और नारा लगाते हुए लोगों को इस मिशन में सहभागिता हेतु प्रेरित किया ।

डॉ. सरोज चक्रधर ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वच्छ भारत के निर्माण में वैयक्तिक सहभागिता को अति आवश्यक बताया । उन्होंने कहा कि हम अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रख तथा लोगों को इस दिशा में जागरूक कर अपने दायित्व का निर्वहन करें, यह हमारा स्वच्छ वसुधा के निर्माण में प्राथमिक कदम होना चाहिए । साथ ही एंटी रैगिंग दिवस के अवसर पर रैगिंग जैसे दुर्व्यवहार के प्रति सचेत करने तथा शैक्षणिक परिसर को भयमुक्त और सौहार्द्रपूर्ण बनाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के एंटी रैगिंग समिति के संयोजक डॉ. सुधीर कुमार अग्रहरि द्वारा रैगिंग के दुष्परिणामों के प्रति छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई ।

उन्होंने बताया कि रैगिंग, शैक्षणिक संस्थानों में वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा कनिष्ठ छात्र-छात्राओं के साथ किया जाने वाला अपमानजनक और उत्पीड़न का व्यवहार है । यह विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है । इस दुर्व्यवहार के रोकथाम के लिए महाविद्यालय में एंटी-रैगिंग कमेटी का गठन किया गया है। छात्राओं को इस गलत कृत्य से दूर रहने की सलाह दी गई।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ । महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एल.एम. यादव, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. रागिनी तिवारी, खुशबू कश्यप, विक्रांत सिंग गावस्कर, योगेश देवांगन, प्रियंका साहू, तुलेश्वरी साहू, डॉ. टिशा डे, छात्राएँ व कर्मचारीगण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

**स्वच्छता रैली और नारे लगाकर लोगों को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया**

# ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन और एंटी रैगिंग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**नवापारा-राजिम.** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) व एंटी रैगिंग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के उद्देश्य, ग्राम स्वच्छता और जनभागीदारी पर छात्राओं को जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्राओं ने नगर भ्रमण कर स्वच्छता रैली निकाली और नारे लगाकर लोगों को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. सरोज चक्रधर ने कहा कि स्वच्छ भारत के निर्माण में वैयक्तिक सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। हमें अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाकर समाज को जागरूक करना चाहिए। साथ ही एंटी रैगिंग दिवस पर एंटी रैगिंग समिति के संयोजक डॉ. सुधीर कुमार अग्रहरि ने रैगिंग जैसे दुर्व्यवहार के दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रैगिंग न केवल विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि उनके शैक्षणिक जीवन को भी प्रभावित करती है। महाविद्यालय में इस रोकथाम हेतु एंटी रैगिंग समिति का गठन किया गया है।

कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक एलएम यादव, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. रागिनी तिवारी, खुशबू कश्यप, विक्रांत सिंग गावस्कर, योगेश देवांगन, प्रियंका साहू, तुलेश्वरी साहू, डॉ. टिशा डे, छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) व एंटी रैगिंग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम




**नवापारा राजिम/नवप्रदेश।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में छात्राओं को ग्राम स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए व एंटी रैगिंग डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2025 का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-2 के अंतर्गत निर्धारित मात्रात्मक एवं गुणात्मक मापदण्डों के आधार पर जिला एवं राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर रैकिंग प्रदान करना है। इस अभियान में अधिक से अधिक छात्राओं व लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय में स्वच्छता पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। छात्राओं ने नगर भ्रमण कर स्वच्छता संबंधी नारा लगाते हुए गोबरा नवापारा में जागरूकता रैली निकाली और नारा लगाते हुए लोगों को इस मिशन में सहभागिता हेतु प्रेरित किया। डॉ. सरोज चक्रधर ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वच्छ भारत के निर्माण में वैयक्तिक सहभागिता को अति आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि हम अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रख तथा लोगों को इस दिशा में जागरूक कर अपने दायित्व का निर्वहन करें, यह हमारा स्वच्छ वसुधा के निर्माण में प्राथमिक कदम होना चाहिए।

साथ ही एंटी रैगिंग दिवस के अवसर पर रैगिंग जैसे दुर्व्यवहार के प्रति सचेत करने तथा शैक्षणिक परिसर को भयमुक्त और सौहार्द्रपूर्ण बनाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के एंटी रैगिंग समिति के संयोजक डॉ. सुधीर कुमार अग्रहरि द्वारा रैगिंग के दुष्परिणामों के प्रति छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि रैगिंग, शैक्षणिक संस्थानों में वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा कनिष्ठ छात्र-छात्राओं के साथ किया जाने वाला अपमानजनक और उत्पीड़न का व्यवहार है। यह विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है। इस दुर्व्यवहार के रोकथाम के लिए महाविद्यालय में एंटी-रैगिंग कमेटी का गठन किया गया है। छात्राओं को इस गलत कृत्य से दूर रहने की सलाह दी गई।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एल.एम. यादव, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. रागिनी तिवारी, खुशबू कश्यप, विक्रांत सिंग गावस्कर, योगेश देवांगन, प्रियंका साहू, तुलेश्वरी साहू, डॉ. टिशा डे, छात्राएँ व कर्मचारीगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।